# Free Computer Network Notes in Hindi PDF

---

**About this PDF:**

- **Original Source**: https://www.solutioninhindi.com/computer-network-kya-hai-hindi/
- **Made by SolutionInHindi.com**
- **Author: Md Badiruddin**

---

**Computer Network in Hindi**: कंप्यूटर नेटवर्क एक ऐसी सिस्टम है जो कई कंप्यूटरों या उपकरणों को जोड़ती है, जिससे उन्हें संसाधनों, सूचनाओं को साझा करने और वायर्ड या वायरलेस कनेक्शन के माध्यम से एक दूसरे के साथ संवाद करने की अनुमति मिलती है।

मूल रूप से, कंप्यूटर नेटवर्क से तात्पर्य परस्पर जुड़े कंप्यूटिंग उपकरणों से है जो डेटा का आदान-प्रदान कर सकते हैं और संसाधनों को एक दूसरे के साथ साझा कर सकते हैं।

यह लेख "कंप्यूटर नेटवर्क क्या है" आपको कंप्यूटर नेटवर्किंग को समझने में मदद करेगा। अगर आप Network Security या एथिकल हैकिंग क्षेत्र में है, तो आपको कंप्यूटर नेटवर्क की पूरी तरह से ज्ञान होना बहुत जरुरी हैं।

पिछले लेख में, हमने जाना था की डाटा कम्युनिकेशन क्या है? अगर अपने नहीं पढ़ा है, तो पढ़ें। आइए Computer Network in Hindi को समझना शुरू करते है -


## कंप्यूटर नेटवर्क का परिचय (Introduction)

एक कंप्यूटर नेटवर्क में कंप्यूटर, प्रिंटर और अन्य उपकरणों का एक संग्रह होता है जो एक साथ जुड़े होते हैं ताकि वे एक दूसरे के साथ संवाद कर सकें। नेटवर्क को नोड्स (उपकरणों के सेट) या कंप्यूटर के बीच कनेक्शन के माध्यम के रूप में जाना जाता है।

सरल शब्दों में, कंप्यूटर नेटवर्क दो या दो से अधिक कंप्यूटर होते हैं जो इलेक्ट्रॉनिक रूप से डेटा संचार करने के उद्देश्य से एक दूसरे से जुड़े होते हैं।

मूल रूप से, एक कंप्यूटर नेटवर्क एक ऐसी प्रणाली है जिसमें सूचना और संसाधनों को साझा करने के लिए कई कंप्यूटर जुड़े होते हैं। कंप्यूटर नेटवर्क एक दूसरे के साथ उनकी कार्यक्षमता, भूगोल, स्वामित्व और उपयोग किए गए संचार मीडिया के आधार पर भिन्न होता है।


एक स्कूल में एक नेटवर्क का एक उदाहरण देता है जिसमें एक स्थानीय क्षेत्र नेटवर्क या एक दूसरे के साथ कंप्यूटर जोड़ने वाला LAN, इंटरनेट और विभिन्न सर्वर शामिल हैं:




आइए Computer Network in Hindi को अच्छी तरह से समझने के लिए कंप्यूटर नेटवर्किंग क्या होता है से समझते है -

## कंप्यूटर नेटवर्किंग क्या है (Computer Networking in Hindi)?

कंप्यूटर नेटवर्किंग एक प्रक्रिया है, जिसका उपयोग एक से अधिक कंप्यूटर को आपस में कनेक्ट करने के लिए क्या जाता है। किसी वायर या वायरलेस कनेक्शन के माध्यम से कंप्यूटर में डेटा फाइल शेयर करने की प्रक्रिया को ही कंप्यूटर नेटवर्किंग कहा जाता है।




अगर आप जानना चाहते हो, कंप्यूटर नेटवर्क की माध्यम से कैसे हम किसी दूसरे कंप्यूटर के साथ डाटा सेंड और रिसीव कर पाते है और कैसे किसी Hub या switch के माध्यम से हम multiple कंप्यूटर में संपर्क करके रखते है, तो आप इस लेख को अच्छी तरह से पढ़ते रहें।

तो आइये सबसे पहले हम कंप्यूटर नेटवर्क की बेसिक से सुरु करके गहराई तक समझते है -

### Computer System क्या है?

सरल शब्दों में, कंप्यूटर एक इलेक्ट्रॉनिक डेविस है। जिसको सिर्फ **Programming language** समझमे आता है जो binary form यानि 0 और 1 के फॉर्म में होती है। मुख्य रूप से, एक कंप्यूटर डेटा को handle करती है।

मतलब इसका उपयोग हम डेटा को स्टोर, शेयर या प्रोसेस करने के लिए करते है। जिससे किसी भी **data** को process करने के बाद, डेटा को उपयोगी या अर्थपूर्ण जानकारी (Information) उत्पन्न करते हैं।

कंप्यूटर को अछी तरह से समझने के लिए "कंप्यूटर क्या है और कंप्यूटर प्रोग्रामिंग भाषा" लेख पढ़े।

- अगर हम एक कंप्यूटर से दूसरा कंप्यूटर में डेटा transfer करे, तो इसके लिए हमें नेटवर्किंग का जरुरत होती है।

तो आइये अब हम कंप्यूटर नेटवर्क क्या है? कंप्यूटर नेटवर्क की परिभाषा को विवरण में समझते है।

# कंप्यूटर नेटवर्क क्या है (What is Computer Network in Hindi)?





कंप्यूटर नेटवर्क एक ऐसी प्रणाली (device) है जिसमें दो या दो से अधिक कंप्यूटर संचार (Communications) के उद्देश्य से डेटा भेजने और प्राप्त करने के लिए केबल या वायरलेस तकनीक का उपयोग करके जुड़े होते हैं।

यानी की कंप्यूटर नेटवर्क एक डिजिटल *telecommunications* नेटवर्क है, जो कार्य केंद्र को Resources को share करने की अनुमति देता है।

कंप्यूटर नेटवर्क में, कंप्यूटिंग डिवाइस नोड्स यानि कार्य केंद्र के बीच कनेक्शन का उपयोग करके एक दूसरे के साथ डेटा का आदान-प्रदान को ही कंप्यूटर नेटवर्क कहा जाता है।

सरल शब्दों में, कंप्यूटर नेटवर्क एक कंप्यूटर कनेक्शन का समूह है जो Resources को share करने के उद्देश्य से एक से अधिक कंप्यूटर को साथ में जुड़े जाता है।




मतलब अगर कई कंप्यूटर तार या वायरलेस द्वारा एक सर्वर से जुड़ने में सक्षम होता है और एक दूसरे के साथ संवाद कर सकते हैं, तो इसे नेटवर्क कहा जाता है।

दूसरे शब्दों में, एक नेटवर्क संचार के उद्देश्य के लिए परस्पर जुड़े कंप्यूटरों का एक समूह है। इंटरकनेक्टेड कंप्यूटर का मतलब है कि कंप्यूटर एक दूसरे से सीधे जुड़े नहीं हैं, उनके बीच कई नेटवर्क डिवाइस (जैसे राउटर, मोडेम, आदि) और सॉफ्टवेयर प्रोटोकॉल हैं जो कंप्यूटर को जोड़ने में मदद करते हैं।

कंप्यूटर नेटवर्क में, हमारे पास एक sender और एक रिसीवर होता है। sender और रिसीवर मशीन हैं, जहां sender डेटा भेजने की कोशिश कर करता है और रिसीवर डेटा प्राप्त करने का प्रयास करता है।

- ये भी पढ़े: कंप्यूटर हैकिंग क्या है और कैसे करे पूरी जानकारी।

आइए Computer Network in Hindi को उदाहरण के साथ समझते है -

## कंप्यूटर नेटवर्क का उदाहरण (Example of Network in Hindi)

एक नेटवर्क का उदाहरण इंटरनेट है, जो दुनिया भर में लाखों लोगों को जोड़ता है। किसी dedicated Servers और routers के माध्यम से, दुनिया में कहीं से भी किसी एक कंप्यूटर से अन्य कंप्यूटर को जोड़ने का एक साधन होता है।

जिससे दो या अधिक कम्प्यूटर्स को एक नेटवर्क में लिंक करने के बाद आसानी से इलेक्ट्रॉनिक **Data Communication** जैसे की files exchange, डेटा सेंड या रिसीव कर सकते है।

- यह भी पढ़े: नेटवर्क हैकिंग क्या है और हैक कैसे करें।

# कंप्यूटर नेटवर्क के प्रकार (Types of Computer Network)

हालाँकि कंप्यूटर नेटवर्क कई प्रकार के होते हैं, मुख्य रूप से कंप्यूटर नेटवर्क को चार प्रकारों में वर्गीकृत किया जा सकता है:

1. निजी क्षेत्र नेटवर्क **(Personal Area Network)**।
2. स्थानीय क्षेत्र नेटवर्क **(Local Area Network)**।
3. वाइड एरिया नेटवर्क **(Wide Area Network)**।
4. मेट्रोपॉलिटन एरिया नेटवर्क **(Metropolitan Area Network)**।

आइए इन चरो प्रकार के कंप्यूटर नेटवर्क को समझते है -

| **Sl.No** | नेटवर्क के प्रकार | प्रकारों का परिचय | उदाहरण |
|---|---|---|---|
| 1 | निजी क्षेत्र नेटवर्क (PAN) | PAN एक बहुत ही छोटे क्षेत्र की नेटवर्क है, जो व्यक्तिगत क्षेत्र में ही उपयोग किया जाता है। और इसका सीमा लगभग 10 मीटर तक ही होती है। जैसे Bluetooth सक्षम डिवाइस या infra-red enable devices शामिल है। | वायरलेस कंप्यूटर माउस, कीबोर्ड, ब्लूटूथ हेडफ़ोन, वायरलेस प्रिंटर और टीवी रेमोटेस आदि शामिल है। |
| 2 | स्थानीय क्षेत्र नेटवर्क (LAN) | LAN नेटवर्क को भी छोटे क्षेत्र जैसे की ऑफिस, कॉलेज, या फैक्ट्री आदि में ऑपरेट करने के लिए डिज़ाइन किया गए है। यानि लोकल एरिया नेटवर्क को छोटे एरिया में उपयोग में लाने के लिए बनाया है। | कॉलेज लैब क्लास में जो नेटवर्क कनेक्शन उपयोग होती है। |
| 3 | वाइड एरिया नेटवर्क (WAN) | लम्बी दूरी के लिए WAN नेटवर्क को design किया गए है। मतलब जो नेटवर्क कम्पनीज है। अगर आपको उससे कंप्यूटर नेटवर्क बनानी है, तो वायर से मुमकिन है। उसके लिए आपको Virtually Network Create करने को ही WAN नेटवर्क कहा जाता है। | कम्युनिकेशन चैनल, Telephone lines और Satellite Links होता है। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | मेट्रोपॉलिटन एरिया नेटवर्क (MAN) | MAN नेटवर्क LAN का बड़ा संस्करण है, और इसका उपयोग भी आम तौर पर LAN नेटवर्क के तरह होता है। यानि Metropolitan Area Network में पुरे शहर के अंदर जो LAN नेटवर्क होता है। इन सब को Compress करके एक MAN Network बनता है। | IUB नेटवर्क, टेलीविजन केबल। |

Types of Computer Network

- यह भी पढ़े: VPN Network Kya Hai? Aur Kaise Kam Karta Hai?
- Mobile Me VPN Kaise Use Kare | How To Use VPN In Hindi
- Top 10 VPN For Android | Best Free VPN App In 2018

# कंप्यूटर नेटवर्क कैसे काम करता है - How Network Works

जैसे की मैं आपको बताया,एक कंप्यूटर नेटवर्क केवल कंप्यूटर उपकरणों का एक संग्रह है जो wire, optical fibers, या wireless के साथ जुड़ा हुआ होता है। जिससे बहुत सारे Device एक साथ कम्यूनिकेट कर सकता है। और डाटा का अदला बदली कर सकता है। कंप्यूटर के लिए नेटवर्क एक मुख्य पार्ट होता है।

इसको आप दिमाग भी कह सकते है, जो राऊटर के माध्यम से सभी चीज़े को नियंत्रण करता है। और नेटवर्क स्विच डिवाइस (switch device) के माध्यम से सभी सिग्नल्स को कम्प्यूटर्स में नेटवर्क केबल्स या वायरलेस से भेजा जाता है।

तो आइए Computer Network in Hindi के कंपोनेंट्स को विवरण में जानते है, तभी कंप्यूटर नेटवर्क कैसे काम करता है? आपको पूरी तरह से समझ में आएगा।

आइए अब कंप्यूटर नेटवर्क क्या है और अच्छी तरह से समझने के लिए इसके कंपोनेंट्स को समझते है -

- यह भी पढ़े: नेटवर्क टोपोलॉजी क्या है (Network Topology)?

# कंप्यूटर नेटवर्क के घटक (Network Components in Hindi)

कंप्यूटर नेटवर्क घटक के प्रमुख भाग होता है जिन्हें Software install करने की आवश्यकता होती है। उदाहरण के लिए, कुछ महत्वपूर्ण नेटवर्क घटक *NIC*, *cable*, *switch*, *modem*, *router*, और *hub* हैं।

आइए कंप्यूटर नेटवर्क के घटक को विवरण में समझते है -

| **SI.No** | नेटवर्क घटक | घटकों का परिचय |
|---|---|---|

| | | |
|---|---|---|
| 1 | नेटवर्क केबल और कनेक्टर्स | कंप्यूटर को कनेक्ट करने के लिए नेटवर्क केबल्स का उपयोग किया गया है। सबसे जियादा उपयोग किये जाने वाले केबल Category 5 cable RJ-45 है। केबल एक तरह की transmission media होता है। जिसका उपयोग signal transmitting के लिए होता है। |
| 2 | एनआईसी (नेटवर्क इंटरफेस कार्ड) | यह एक कंपोनेंट्स है जिसका उपयोग एक कंप्यूटर से दूसरे कंप्यूटर तक नेटवर्क कनेक्ट करने के लिए होता है। और इसका transfer rate 10,100 से 1000 Mb/s तक समर्थन कर सकता है। NIC को नेटवर्क कंट्रोलर, नेटवर्क अडॉप्टर, ईथरनेट कार्ड, लोकल एरिया नेटवर्क कार्ड या कनेक्शन कार्ड के नाम से जाना जाता है। |
| 3 | नेटवर्क हब | हब **(Hub)** एक हार्डवेयर डिवाइस है, जो कई कंप्यूटर प्रणाली को हब (hub) से कनेक्ट किया जाता है। और सभी कंप्यूटर हब से कनेक्ट होने के बाद, अगर एक कंप्यूटर डिवाइस से किसी एक विशेष (particular) सिस्टम में कुछ इनफार्मेशन सेंड करते है। |
| 4 | स्विच नेटवर्क | यह भी एक हार्डवेयर डिवाइस है और LAN network में ही उपयोग होता है। Switch भी हब डिवाइस के तरह है पर हब से यह बेहतर संस्करण (version) है। मतलब हब में किसी एक पर्टिकुलर कंप्यूटर में डाटा भेजने से, हब में जुड़े हुए सभी सिस्टम में, डाटा सेंड हो जाता है। |
| 5 | राउटर | राऊटर एक नेटवर्क हार्डवेयर डिवाइस है। जो डाटा पैकेट्स को नेटवर्क के साथ फॉरवर्ड्स करता है। और एक राऊटर कमसे काम दो नेटवर्क के साथ कनेक्ट होता है। आमतौर पर दो LANs या WANs या LAN और इसका ISP's Network होता है। |
| 6 | मॉडेम | मॉडेम एक हार्डवेयर डिवाइस है। जो कंप्यूटर को मौजूदा टेलीफोन लाइन पर इंटरनेट से कनेक्ट करने की अनुमति प्रदान करता है। और इसका स्टैंड Modulator/Demodulator होता है। मतलब मॉडेम डिजिटल डाटा को एनालॉग सिग्नल में और एनालॉग सिग्नल को डिजिटल सिग्नल में कन्वर्ट करता है। |

Network Components

नोट: लेकिन यह पूरी तरह से आपके नेटवर्क पर निर्भरता करता है की आप किसे स्थापित करते हो। कुछ Network components को हटाया भी जा सकता है। जैसे की वायरलेस नेटवर्क को केबल की आवश्यकता नहीं होती है।

### Computer Network Terminology in Hindi

कंप्यूटर नेटवर्क terminology दो प्रकार की होती है:

1. नोड्स **(Nodes)**: एक कंप्यूटर सिस्टम जो नेटवर्क के साथ जोड़ने के बाद अन्य कंप्यूटर सिस्टम में कम्युनिकेशन कर पाए, तो इसे Nodes कहा जाता है। अगर आपके फ़ोन इंटरनेट से कनेक्टेड है तो आपके फ़ोन भी एक नोड्स या workstation है।
2. **सर्वर (server)**: एक कंप्यूटर जो नेटवर्क पर डेटा, सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर संसाधनों (resource) को शेयर करने की सुविधा देता है, तो उसे सर्वर कहा जाता है।

- यह भी पढ़े: Internet Protocol क्या है।
- TCP/IP model क्या है पूरी जानकारी।

## कंप्यूटर नेटवर्क की विशेषताएं (Features of Network in Hindi)

कुछ महत्वपूर्ण कंप्यूटर नेटवर्क विशेषताओं का उल्लेख यहाँ किया गया है:

1. कंप्यूटर नेटवर्क उच्च विश्वसनीयता प्रदान करता है
2. यह उपयोगकर्ता को जल्दी से जानकारी साझा करने में मदद करता है।
3. नेटवर्क ईमेल के माध्यम से अन्य उपयोगकर्ताओं को डेटा भेजने में मदद करता है।
4. कंप्यूटर नेटवर्क डिवाइस या नोड्स physically और logically कैसे कनेक्टेड होता है।
5. नेटवर्क का उपयोग करके डेटा भेजने और प्राप्त करने के लिए कई कंप्यूटरों से जुड़ सकते हैं।
6. नेटवर्क में दिए गए लिंक के प्रति सेकंड बिट्स में डेटा rate को मात्रा (measure) करता है।

आइए Computer Network in Hindi के उपयोग को जानते है -

## कंप्यूटर नेटवर्क का उपयोग (Uses of Network in Hindi)

यहां कुछ महत्वपूर्ण कंप्यूटर नेटवर्क का उपयोग दिए गए है:

- नेटवर्क में फ़ाइल Sharing को सक्षम करने के लिए उपयोग किया जाता है।
- प्रिंटर या स्कैनर जैसे हार्डवेयर डिवाइस को शेयर करने के लिए उपयोग कर सकते है।
- सॉफ्टवेयर को sharing के लिए अनुमति दे सकते है।
- रिमोट सिस्टम के माध्यम से programs को आसानी से ऑपरेटिंग कर पाएंगे।
- किसी को **Email** भेजने, video conferencing, instant messaging, आदि कम्युनिकेशन कर सकते है।

## कंप्यूटर नेटवर्क के लाभ और हानि

कंप्यूटर नेटवर्क के कई फायदे (लाभ) भी हैं तो कुछ नुकसान (हानि) भी हैं:

यहाँ कंप्यूटर नेटवर्क के कुछ सबसे महत्वपूर्ण लाभ दिए गए हैं:

1. कोई भी कंप्यूटर नेटवर्क में कन्वर्ट हो पायेगा।
2. नेटवर्किंग स्टोरेज कैपेसिटी को बढ़ा सकते है।
3. कंप्यूटर नेटवर्क Reliability और Flexible होता है।

4. किसी भी समस्या को तेजी से हल किया जा सकता है।
5. डेटा को सेंट्रल स्टोरेज (Central storage) किया जा सकता है।

यहाँ कंप्यूटर नेटवर्क के कुछ हानि दिए गए हैं:

1. नेटवर्क का लागत महंगी होता है।
2. कंप्यूटर नेटवर्क स्वतंत्रता (Freedom) का अभाव होगा।
3. **Computer Virus** और Malware से नेटवर्क infected हो सकता है।

## How to Set up a Computer Network in Hindi

कंप्यूटर नेटवर्क स्थापित करने के लिए आवश्यक हार्डवेयर की सूची निम्नलिखित है।

- नेटवर्क केबल्स।
- आंतरिक नेटवर्क कार्ड।
- वितरक (Distributors)।
- राउटर (Routers)।
- बाहरी नेटवर्क कार्ड।

## Free Computer Network Course in Hindi

अगर आप फ्री में कंप्यूटर नेटवर्क को अच्छी तरह से सीखना चाहते हैं तो नीचे दिए गए सभी पाठों को पढ़ें:

### Chapter 1: कंप्यूटर नेटवर्क का परिचय

- नेटवर्क टोपोलॉजी क्या है (Network Topology)
- डेटा कम्युनिकेशन क्या है (Data Communication)

### Chapter 2: बुनियादी नेटवर्किंग अवधारणाएँ

- नेटवर्क के घटक हिंदी में (Network Components)
- बस टोपोलॉजी क्या है (Bus Topology? पूरी जानकारी
- स्विच क्या है? (Switches in Computer Network in Hindi)

### Chapter 3: नेटवर्क परतें और प्रोटोकॉल

- TCP/IP Model in Hindi – टीसीपी/आईपी मॉडल क्या है?
- नेटवर्क लेयर क्या है (Network Layer) समझें
- इंटरनेट प्रोटोकॉल क्या है (Internet Protocol)

### Chapter 4: डेटा ट्रांसमिशन और सुरक्षा

- डाटा क्या है (What is Data)? पूरी जानकारी"
- डेटा एन्क्रिप्शन क्या है (Data Encryption)

### Chapter 5: OSI मॉडल और एप्लिकेशन लेयर प्रोटोकॉल

- OSI मॉडल क्या है (What is OSI Model)?
- Physical Layer: OSI मॉडल की फिजिकल लेयर क्या है?
- Data Link Layer: OSI मॉडल में डेटा लिंक लेयर को समझें
- Session Layer: सेशन लेयर क्या है?
- Transport Layer: ट्रांसपोर्ट लेयर को जानें
- Presentation Layer: प्रेजेंटेशन लेयर क्या है?
- Application Layer: OSI मॉडल में एप्लिकेशन लेयर को समझें

### Chapter 6: इंटरनेट टेक्नोलॉजीज और वेब अवधारणाएँ

- इंटरनेट (Internet) क्या है
- History of Internet – इंटरनेट का इतिहास
- ISP क्या है? पूरी जानकारी
- WWW क्या है (What is WWW) जानें।
- URL in Hindi (यूआरएल क्या है)? समझें।
- Web Page in Hindi (वेब पेज क्या है)?
- Server in Hindi (सर्वर क्या है)?
- Web Server in Hindi (वेब सर्वर क्या है)?
- Website in Hindi (वेबसाइट क्या है)?

# FAQs

यहाँ Computer Network in Hindi के बारे में अक्सर पूछे जाने वाले कुछ प्रश्न उत्तर के साथ यहां दिए गए हैं:

कंप्यूटर नेटवर्क क्या है**?**
एक कंप्यूटर नेटवर्क आपस में जुड़े उपकरणों का एक समूह है जो सूचना और संसाधनों को साझा करने के लिए एक दूसरे के साथ संचार करता है।

कंप्यूटर नेटवर्क के विभिन्न प्रकार क्या हैं**?**
विभिन्न प्रकार के कंप्यूटर नेटवर्क में लोकल एरिया नेटवर्क (LANs), वाइड एरिया नेटवर्क (WANs), मेट्रोपॉलिटन एरिया नेटवर्क (MANs), वायरलेस लोकल एरिया नेटवर्क (WLANs) और स्टोरेज एरिया नेटवर्क (SANs) शामिल हैं।

नेटवर्क आर्किटेक्चर क्या है**?**
नेटवर्क आर्किटेक्चर उस तरीके को संदर्भित करता है जिसमें डिवाइस कनेक्ट होते हैं और उनके बीच संचार को सक्षम करने के लिए प्रोटोकॉल का उपयोग किया जाता है।

नेटवर्क प्रोटोकॉल क्या है**?**
एक नेटवर्क प्रोटोकॉल नियमों और प्रक्रियाओं का एक सेट है जो एक नेटवर्क पर उपकरणों के बीच संचार को नियंत्रित करता है।

नेटवर्क सुरक्षा क्या है**?**

नेटवर्क सुरक्षा से तात्पर्य नेटवर्क और उससे जुड़े उपकरणों को अनधिकृत पहुंच, चोरी और क्षति से बचाने के लिए किए गए उपायों से है।

## निष्कर्ष

एक नेटवर्क कंप्यूटर सिस्टम, सर्वर और नेटवर्किंग उपकरणों के एक समूह से मिलकर बनता है जो एक प्रिंटर या फ़ाइल सर्वर सहित संसाधनों को साझा करने के लिए एक साथ जुड़े होते हैं। कनेक्शन केबल मीडिया या वायरलेस मीडिया का उपयोग करके स्थापित किए जाते हैं।

एक कंप्यूटर नेटवर्क को NIC, switch, modem, router, और hub जैसे डिवाइस से cable या वायरलेस के माध्यम से कनेक्ट किया जाता है।

मुझे उम्मीद है कि यह लेख "Computer Network in Hindi", आपको यह समझने में मदद करेगा कि कंप्यूटर नेटवर्क क्या है और इसके प्रकार, लाभ और हानि आदि को समझने में मदद किया हैं।